Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Kaswan Shri Ram Singh

an>

Title: Need to release the share of water of Ravi and Beas rivers to Rajasthan as per the agreement of 1981.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : महोदय, सन 1981 में पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के मध्य रावी-व्यास नदियों के जल बंटवारे के बारे में हुए समझौते के अनुसार राजस्थान राज्य का हिस्सा 8.6 एम.ए.एफ निर्धारित किया गया कि " जब तक राजस्थान अपने सम्पूर्ण हिस्से का पानी उपयोग में लेने की स्थिति में नहीं होता है तब तक पंजाब राजस्थान के हिस्से के पानी को उपयोग में ले सकेगा।" सन् 1981 में इंदिरा गांधी नहर प्रणाली के तीव्र विकास के कारण राजस्थान अपने सम्पूर्ण हिस्से के पानी का उपयोग करने की स्थिति में है, वर्तमान में राजस्थान को 8 एम.ए.एफ पानी ही रहा है, पूरा पानी नहीं मिलने के कारण सबसे ज्यादा नुकसान मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू को हो रहा है। शो पानी नहीं मिलने के कारण चुरू जिले की सरदारशहर, तारानगर व राजगढ़ तहसील में नहर के निर्माण का कार्य रोक दिया गया है व जहां नहर बनकर तैयार हो गई है, नाले-मौगे आदि बनकर तैयार हो गए हैं, सिंचाई के लिए क्षेत्र को खोल दिया गया है, वहां भी पानी के अभाव में किसानों को उनके हिस्से का पानी नहीं दिया जा रहा है। बार बार अकाल पड़ने के कारण इस क्षेत्र के किसानों को इंदिरा गांधी नहर परियोजना में पूरा पानी नहीं मिलने के कारण उनकी आशाएं टूटती जा रही हैं। अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि शो 6 एम.ए.एफ पानी देने के लिए पंजाब सरकार व भाखड़ा व्यास प्रबन्धन मंडल को निर्देश जारी करें।